दिल्ली प्रशासन द्वारा निलम्बित और पदच्युत किये गये हैं; इस प्रकार है :—

निलम्बित	31
पदच्युत	10

(ग) उन के निलम्बन/पदच्युत किये जाने के कारण उन की आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी, दुराचरण, कर्तव्य परित्याग, महान अनुशासनहीनता, अवैध तोषण स्वीकार करना इत्यादि हैं ।

मातृ भाषा में शिक्षण

1221. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने हाई स्कूलों में गैर-सरकारी भाषा विद्यार्थियों को, यदि उन की एक निश्चित संख्या हो, विभिन्न विषय उन को मातृ भाषा में पढ़ाने के बारे में एक योजना बना ली है ;

(ख) यदि हां, तो क्या बिहार सरकार ने बिहार के कुछ हाई स्कूलों में उर्दू, बंगाली आदि के माध्यम से शिक्षा देने के लिए आवश्यक प्रबन्ध कर लिये हैं;

(ग) यदि हां, तो ऐसे हाई स्कूलों के नाम तथा संख्या क्या है ;

(घ) क्या यह सच है कि बिहार सरकार के डाइरेक्टर आफ पब्लिक इन्स्ट्रक्शन ने उन अध्यापकों को वापिस उन के पदों पर भेजने के लिये आदेश जारी कर दिये हैं जिनको उक्त स्कूलों में उपरोक्त भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने के लिये प्रतिनियुक्ति पर लाया गया था;

(ङ) यदि हां, तो उपरोक्त भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने हेतु स्थायी प्रबन्ध किये बिना प्रतिनियुक्ति पर लाये गये अध्यापकों को वापिस भेजने में क्या औचित्य है; और

(च) क्या यह सरकार की नीति का उल्लंघन नहीं है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (च) सूचना एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

बांदा (उत्तर प्रदेश) में पुलिस की ज्यादतियां

1222. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में पुलिस की ज्यादतियों के बारे में अधिसूचना विभाग ने कोई रिपोर्ट दी है ;

(ख) क्या यह सच है कि बांदा की पुलिस निर्दोष गरीब लोगों को झूठे आरोप लगा कर गिरफ्तार कर रही है और उन्हें परेशान कर रही है क्योंकि वे मुकदमेबाजी और जमानत की व्यवस्था नहीं कर सकते और इस प्रकार वे पुलिस को घूस देने के लिये मजबूर किये जाते हैं; और

(ग) क्या सरकार इस मामले की आसूचना विभाग द्वारा जांच करवायेगी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) ऐसा कोई प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ ।

(ख) और (ग) उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि उन्हें बांदा जिले में पुलिस के विरुद्ध कुछ आरोप प्राप्त हुये हैं । आरोपों की उन के द्वारा जांच की जा रही है ।

उत्तर प्रदेश हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड, इलाहाबाद

1223. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश हाई स्कूल तथा इंटरमिडियेट शिक्षा बोर्ड, इलाहाबाद, प्राइवेट

परीक्षार्थियों के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रही है और औसत प्रतिशत पूरी करने के लिये प्राइवेट परीक्षार्थियों को अनुत्तीर्ण किया जाता है;

(ख) हाई स्कूल, इंटरमीडियेट, बी० ए० आदि परीक्षाओं में नियमित तथा प्राइवेट परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण होने की प्रतिशत अलग अलग क्या है; और

(ग) क्या यह सच है कि डाकघरों के द्वारा परीक्षकों के पते मालूम किये जाते हैं और कुछ अवांछनीय विद्यार्थी परीक्षकों के पास जा कर परीक्षार्थियों के साथ पक्षपात दिखाने का अनुरोध करते हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आज़ाद): (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही है और यथा समय सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन मामले

1224. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या गृह-कार्य मंत्री 10 मई, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 10338 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन 5,526 मामलों में से कितने मामले ५ वर्षों से भी अधिक समय से विचाराधीन हैं, और

(ख) उच्चतम न्यायालय ने इस बीच इन मामलों में से कितने मामले निपटा दिये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) (क) 1-2-1968 को 8 मामले ।

(ख) 5 मामले ।

उत्तर प्रदेश में परिवहन आयुक्त

1225. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस बात की जांच करेगी कि उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त को मोटरें, बसें तथा ट्रक बनाने वाली एक कंपनी से मई, 1968 में 3 लाख रुपये से अधिक का चैक मिला था ;

(ख) क्या सरकार इस बात की भी जांच करेगी कि क्या इस से पहले भी इस कंपनी द्वारा परिवहन आयुक्तों को इसी प्रकार के चैक दिये गये थे ;

(ग) यदि हां, तो इस प्रकार प्राप्त किये गये धन को अब तक किस शीर्ष के अन्तर्गत जमा किया जाता रहा है; और

(घ) अब तक ऐसा कुल कितना धन जमा हुआ है ?

परिवहन तथा नौवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) से (घ) अपेक्षित सूचना सम्बद्ध राज्य सरकार से एकत्रित की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी ।

राजनीतिक पीड़ित

1226. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूतपूर्व क्रान्तिकारियों के परिवारों को, जिन्होंने भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में अपने जीवन बलिदान किये थे, सरकार ने राजनीतिक पीड़ितों के परिवारों के वर्ग में सम्मिलित कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उन के परिवारों को कितनी वित्तीय सहायता दी है;

(ग) क्या सरकार का विचार चन्द्र शेखर आज़ाद, राम प्रसाद बिस्मिल और